an>

title: Regarding deteriorating law and order situation in Uttar Pradesh.

योगी आदित्यनाथ (गोरखपुर): उपाध्यक्ष महोदय, देश के अंदर महिलाओं के खिलाफ अपराधों में वृद्धि चिंता का विÂषय है और उसमें उत्तर प्रदेश की हालत तो अत्यंत ही बदतर है। बुलंदशहर में हुए गैंगरेप के बाद ग्रेटर नोएडा में भी इस प्रकार की घटना सामने आई है।

महोदय, एक अनुमान के अनुसार, उत्तर प्रदेश के अन्दर प्रतिदिन 250 से 275 हत्या, लूट, अपहरण और दुÂकर्म की घटनाएं घटित हो रही हैं।...(व्यवधान) ये घटनाएं केवल अनुमान के अनुसार ही नहीं हैं, बल्कि नेशनल क्राइम ब्यूरो भी इस ओर हम सबका ध्यान आकर्Âिषत करता है।...(व्यवधान) इसका कारण है उत्तर प्रदेश की राजनीति का अपराधीकरण और सत्ता के द्वारा वहां पर खुले आम अपराधियों को संरक्षण दिया जाना।...(व्यवधान)

महोदय, उत्तर प्रदेश के अंदर सत्ता के संरक्षण में अपराधियों का, माफियाओं का पनपना यह स्पÂष्ट साबित करता हूं कि वहां की सत्ता राजनीति का पूरी तरह से अपराधीकरण कर चुकी है।...(व्यवधान) मैं आपके माध्यम से मांग करूंगा कि सत्ता के अपराधियों के संबंध में केन्द्रीय एजेंसी सी.बी.आई. से जांच करवाई जाए।...(व्यवधान)

HON. DEPUTY-SPEAKER:

Shri Bhairon Prasad Mishra,

Kunwar Pushpendra Singh Chandel and

Shri Sharad Tripathi are permitted to associate with the issue raised by Yogi Adityanath.